जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

email id – adj1kot-jaipr-rj@hcraj.nic.in Tel. No. 01421-248429

क्रमांक : लेखा/2026–2027/285 दिनांक : 17/07/26

निविदा सूचना 03/2026–2027

कोटपूतली–बहरोड के जिला न्यायलय एवं न्यायक्षेत्र के अधीनस्थ न्यायलयों में नवीन प्रिण्टर क्रय करने के लिये के लिए प्रतिष्ठित/प्रचलित ब्रॉण्ड 20 प्रिंटर (अधिकतम अनुमानित लागत 240000/–) हेतु अधिकृत निर्माताओं /डीलरों विक्रेताओ से जो बोली में वर्णित विषय वस्तु के लिए वस्तु एवं सेवा कर में पंजीकृत है, मुहरबंद बोली (तकनीकी–वाणिज्यिक एवं वित्तीय) निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है। बोली प्रपत्र sppp Portal से डाउनलोड किया जा सकेगा तथा मुहरबंद बोली प्रपत्र दिनांक 17.07.2026 सायं 4:30 बजे से दिनांक 27.07.2026 दोपहर 03:00 बजे तक विक्रय कर दिनांक 28.07.2026 प्रातः 10:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। तकनीकी–वाणिज्यिक बोली दिनांक 28.07.2026 को दोपहर 01:30 बजे खोली जायेगी।

NIB no.	विवरण	अनुमानित राशि रू.	बोली प्रपत्र शुल्क रू	बोली प्रतिभूति राशि रू.
03/26-27	Supply & Installation of Printer	240000/–	500/–	2% or 0.5% as per rule 42 - for msme specified dealer

1 बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** और **http:// districts.ecourts.gov.in** पर देखी जा सकती है। बोली निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।

2 बोली द्वि–प्रक्रमी बोली के रूप में आमंत्रित की गई है। बोली दाता की तकनीकी क्षमता हेतु तकनीकी योग्यताओं एवं शर्तों की सूची तकनीकी बोली तकनीक लिफाफा में रखी जावे तथा वित्तीय बोली वित्तीय लिफाफा में रखी जावे।

3 वित्तीय बोली निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जायेगी। वित्तीय बोली के साथ कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया जावेगा।

4 बोली से संबंधित नियम, शर्त एवं बिड प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या 01, कोटपूतली के यहाँ उपरोक्तानुसार बोली प्रपत्र शुल्क निर्धारित दिवस एवं समय तक जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है या राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है। डाउन लोड किये गये बोली प्रपत्र का मूल्य रू 500/– बोलीदाता द्वारा पृथक से डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड** के पक्ष में बनाकर बोली के साथ संलग्न करना होगा। मुहरबंद बोली निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी तत्पश्चात् बोली स्वीकार नहीं का जायेगी। प्राप्त बोली निर्धारित दिनांक एवं समय को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या 01 के कक्ष में उपस्थित बोलीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।

5 बोली प्रतिभूति एवं बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक **जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड** के पक्ष में बनाना होगा तथा तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रपत्र शुल्क अप्रतिदाय (Non-Refunded) होगा। बोली प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा।

6 किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

7 बोली प्रपत्र में अंकित शर्तों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई शर्त अंकित न की जाये। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।

8 तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।

9 वित्तिय वर्ष 2026–27 में जिला न्यायालय/अन्य किसी भी न्यायालय के लिए समान प्रकृति की सामग्री की आवश्यकता होती है तो इन्ही दरों पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

17.07.26

अध्यक्ष (क्रय समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम–01
कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड।

क्रमांक : लेखा/2026–2027 1286 दिनांक : 17/07/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायालय कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड।

2 सिस्टम असिस्टेंट, जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपपूतली को विभाग की वेबसाईट तथा http://SPPP.rajasthan.gov.in पर अपलोड़ करने हेतु।

3 समस्त अधिनस्थ न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

17.07.26

अध्यक्ष (क्रय समिति)
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम–01
कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड।

Technical Envelop A

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

तकनीकी–वाणिज्यिक बोली प्रपत्र (Technical-Commercial BID FORM)

1 **Bid for Supply & Installation of Printer**

2 बोली दाता का नाम/ फर्म का नाम,
पत्र व्यवहार हेतु डाक का पता .....

.....

मोबाईल नं..... .....ई–मेल.....

3 स्टोर्स/गोदाम/वर्कशॉप/फैक्ट्री सम्पर्क कार्यालय का पता .....
.....
.....
.....

4 किसको संबोधित किया गया :– जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड ।

5 बोली सूचना संदर्भ :– लेखा/2026–27/..... दिनांक.....

6 बोली प्रपत्र राशि रू 500/– का विवरण (तकनीकी बोली लिफाफा में रखा जावे।)

चैक/डिमांड ड्राफ्ट/नकद रसीद संख्या एवं दिनांक	बैंक का नाम	बैंक शाखा का नाम	राशि

7 बोली प्रतिभूति (Bid Security) के रूप में जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड के पक्ष में बैंकर चैक/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा करा दी गई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है। तकनीकी बोली लिफाफा में रखी जावे।

चैक/डिमांड ड्राफ्ट/नकद रसीद संख्या एवं दिनांक	बैंक का नाम	बैंक शाखा का नाम	राशि

8 बोलीदाता द्वारा निम्नलिखित पंजीकरण का विवरण निम्न प्रकार प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी। तकनीकी बोली लिफाफा में रखी जावे।

विवरण	पंजीकरण संख्या
वस्तु एवं सेवा कर (GST)	
आय कर (PAN NO.)	
सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के रूप में पंजीकृत (MSE reg.no.)	

9 बोलीदाता द्वारा अपने बैंक का विवरण (बैंक स्टेटमेंट संलग्न किया जायेगा व तकनीक बोली लिफाफा में रखी जावे।)

बैंक का नाम	शाखा का नाम एवं पता	IFSC CODE	खाता संख्या

10 बोलीदाता द्वारा गत 3 वित्तीय वर्ष (2024–25,2025–26 एवं 2026–2027) के संबंधित कार्य का Average Annual Turnover राशि रू 03.00 लाख रूपये प्रतिवर्ष होना चाहिए। जिसके समर्थन में उचित दस्तावेज संलग्न करावे।

YEAR	PROFIT/LOSS	ANNUAL TURNOVER
2024-2025		
2025-2026		
2026-2027		

11 हम, जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड द्वारा जारी की गई बोली सूचना में वर्णित शर्तों से तथा संलग्न शीटों में दी गई उक्त सूचना की अतिरिक्त शर्तों से स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिए है।

12 विभाग द्वारा बोली से संबधित किसी भी प्रकार की सूचना इ–मेल और मोबाईल पर मैसेज कर दी जायेगी, जिस पर कार्यवाही करने के लिए सहमत है।

13 **अनुमोदित प्रदायकर्ता द्वारा माल की सुपूर्दगी क्रय आदेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर एफ.ओ.आर.** संबन्धित जिला एवं सेशन न्यायालय कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड पर पूर्ण की जाएगी। सामग्री की तुरंत आवश्यकता है, अतः वे ही बोलीदाता बोली प्रस्तुत करे जिनके पास रॉ मेटेरियल, लेबर, मशीनरी तथा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है तथा निर्धारित सुपुर्दगी अवधि में आपूर्ति पूर्ण कर दी जायेगी।

14 **आपकी फर्म को अनुमोदित अंन्तिम 3 कार्यालय आदेश की प्रति संलग्न करे, जिसमे न्यूनतम कार्यालय आदेश राशि 100000/– हो ।**

15 बोली द्वि–प्रक्रमी बोली के रूप में आमंत्रित की गई है। बोली दाता की तकनीकी क्षमता हेतु तकनीकी योग्यताओं एवं शर्तों की सूची तकनीकी बोली लिफाफा में रखी जावे तथा वित्तीय बोली वित्तीय लिफाफा में रखी जावे।

16 वित्तीय बोली निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जायेगी। वित्तीय बोली के साथ कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया जावेगा।

17 **सार्वधिक लोकप्रिय ब्रांड Most Popular Brand की ही बोली प्रस्तुत की जायेगी। स्थानीय स्तर पर ऐसेम्बलड रूप से तैयार प्रोडेक्ट इत्यादि की सप्लाई नहीं कि जावेगी।**

18 हमारे द्वारा जिस आईटम की बोली प्रस्तुत की गई है, उस आईटम के Broucher & Catalog of Make and Model जिसमें आईटम का पूर्ण विवरण दर्शाया गया है, बोली के साथ संलग्न है।

19 किसी फर्म द्वारा निविदा में भरी गयी दरें न्यूनतम L1 होने के पश्चात भी फर्म की निविदा स्वीकार कर कार्यादेश जारी करना जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली जिला कोटपूतली–बहरोड के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। यदि दो या अधिक निविदादाताओं की दर समान आने पर सफल निविदादाता का चयन निम्नलिखित आधार पर किया जायेगा (1) फर्म/एजेन्सी का अनुभव, (2) वार्षिक टर्नओवर, (3) फर्म/एजेन्सी की प्रोफाइल इत्यादि।

20. जिस Make and Model की बोली प्रस्तुत की गई है, उस का सर्विस सेंटर कोटपूतली, जयपुर, अलवर पर स्थित है।

दिनांक :–

स्थान :–

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर

Annexure - A

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

The Detailed Technical Specification

Sr.No.			To be filled by Bidder Name of MFG trade name/make & model no./product no.
1	Printing method	Monochrome Laser Beam Printing	
2	**Print speed**	A4:18ppm or Higher	
		Letter: 19ppm or Higher	
3	**Print Resolution**	600x600 dpi or Higher	
4	**Print Quality with Image Refinement Quality**	2400(equivalent)x600dpi	
Papar Handling			
5	**Papar Input (Standard)**	150 sheets(based on 80g/m2) or Higher	
6	**Paper Output**	100 sheets (face down) (based on 80g/m2) or Higher	
7	**Paper Size**	A4, Legal letter, and envelop	
8	**Paper type**	Plain paper, Heavy Paper, Transparency, Label, Envelope	
Connectivity and Software			
9	**USB Interface**	USB 2.0 High Speed or Higher	
10	**Compatible Operting Systems**	Window, Linux(Ubuntu),and Any Other Compatible OS	
General Specification			
11	**Device Memory**	32 MB or Higher	
12	**Power Requirment**	220-240v(±10%),50/60Hz(±2Hz)	
13	**Monthly Duty Cycle**	5,000 pages or Higher	
14	**Comprehensive On-Site Warranty Except for consumables**	Five (5) Years	

Note:

1. All above items must be with warranty period including all spares & service as mentioned above.
2. Brochure & Cataloge of Make and Model quoted should be attached.
3. The items must be orginal Popular Branded as per specification. if any deviation/local assembled product etc. found, legal action will be taken.
4. Technically qualified Bidder has to submit sample on your expenses and risk before the Department Purchase Committee as and when desired at Disrtict and session judge ,kotputli within 03 days from the date of intimation via e mail/phone. The Technical Committee wll inspect the sample of desired Brand physically and quality parameter, if any sample not fulfills this same will also be declared technically dlsqualified.

Dated :-
Place :-

Signature of the Bidder with Seal
Name :-
Address :-

All the Bidders are hereby requested to consider the following table of checklist for technical qualification

Technical Envelope-A

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

–: तकनीकी योग्यताएं एवं आवश्यक दस्तावेज :–

Sr.No.	Particular	YES/NO	Page no.
1	Tender Fees DD		
2	Bid Security DD		
3	Self Attested GST Registration Certificate		
4	Self Attested Pan Card		
5	Past Work Order copy of Your Firm (minimum 3 and maximum 5 work order attached of Rs. 100000/-)		
6	Last Three years Annual Turnover Details certified by CA		
7	Technical Bid Form Signed &Seal		
8	General Terms & Condition.SR16 Signed and seal		
9	Technical Specification with compliance Sheet signed & Seal		
10	Annexure ABCD of Transparency in Public Procurement act signed &seal		
11	Annexure E Self Declaration by the bidder regarding compliance Terms and condition of bid & price fall clause & conformity/no deviation signed & seal.		
12	ANNEXURE-F SELF-DECLARATION of NO BLACKLISTING		
13	Annexure G sr-11 signed and seal		
14	Registration Certificatre of Micro and Small Enterprises, classified under sub Section(1) of Section 7 of Micro Small and medium Enterprises development act,2006 and situated in rajasthan and recognized by the industry deparment.		
15	Brochure / Catalogue		
16	Financial Bid signed and seal		

Dated :-
Place :-

Signature of the Bidder with Seal
Name :-
Address :-

Financial Envelope-A

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

Financial Bid for Supply & Installation of Desktop, Printer and Multifunclion Photocopier Machine at
OFFICE OF DISTRICT AND SESSION COURT KOTPUTLI (Kotputli-Behror DISTT.)

Sr.No.	Name of Article	Estimated Amount (maximum) Per court	Qty.	Rate Quoted Price Per Unit in Indian Rs. (only basic price,all other taxes (if any) may be shown seperately.		
				Name of Brand	Basic price per unit	Total Prices in Words
1	Laser Printer (As per Detail Tehnical Specification)	2.4 Lakh	20 Set			

1. I/We have gone through the terms & conditions as stapulated in the bid enquiry document and confirm to accept and abide the same.
2. No other charges would be payble by the Department.
3. The delivery & installation of the Items will have to be made at campus **OFFICE OF DISTRICT AND SESSION COURT KOTPUTLI (Kotputli-Behror DISTT.)** Transportation/ carriage charges will be provided for the same.
4. The rate quoted should be firm and final and written in ink or typed against each item and should in no case be overwritten. Any overwriting /modification of any type will lead to rejection of the bid.
5. Rates are to be quoted item-wise otherwise bid will be treated as unresponsive. L1 will be decided on individual item basis.
6. Our Status in respect of GST is : GST Registered Bidder/GST Unregistered Bidder/Bidder has Opted for Composition Scheme (Strike off whichever is not applicable)

Dated:-
Place:-

Signature of the Bidder with Seal

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)

General terms & conditions of Bid & Contract

Instructions:- The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in Public Precurement Act,2012" (hereinafter called the Act) and "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules, 2013" (hereinafter called the Rules) under the said Act have coome into force which are available on the website of State Public Procuremet Portal http://sppp.raj.nic.in. Therefore, the bidder are advised to acquaint themselves wit the provisions of the Act ad the Rules before particiapting in the bidding process. If there is any discrepancy between the provision of the Act and the Rules and this bidding document, the provision of the Act and the Rules shall prevail.

1 निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहियें तथा अपनी निविदाएं भेजते समय इनकी पूर्ण रूपेण पालना करनी चाहियें। अगर निविदादाता को निविदा के शर्तों या विशिष्टताओं, जो निविदा में दियें गये है, के बारे में किसी प्रकार का निर्वचन (Interpretaion) /आशय के संबंध में कोई संदेह हो, तो निविदा भरने से पूर्व संस्था प्रभारी को प्रस्तुत कर (Clarification) प्राप्त कर लेना चाहिये तथा संस्था प्रभारी का निर्णय अंतिम होगा तथा निविदादाता जिसे स्वीकार करने के लिये बाध्य रहेगा।

2 बिड, सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार यथोचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद कर पूर्ण रूप से भरी गई बिड के साथ निर्धारित प्रतिभूति राशि डी.डी/बैंकर्स चैक एवं आवश्यक प्रपत्र संलग्न कर उसे क्रय समिति,जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटपूतली (जिला–कोटपूतली–बहरोड)के पते पर बोली सूचना में अंकित दिनांक तक जमा करा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद एवं बिना निर्धारित प्रतिभूति राशि/डी.डी./बैंकर चैक के प्राप्त बिडों पर विचार नहीं किया जाएगा एवं वह स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

3 बोली दो लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की गई है। बोलीदाता द्वारा तकनीकी–वाणिज्यिक बोली एवं वित्तीय बोली पृथक पृथक लिफाफें में प्रस्तुत करनी होगी। बोली दस्तावेज जो तकनीकी बोली के साथ संलग्न किये जाने है, उन्हे तकनीकी बोली प्रपत्र के साथ तकनीकी लिफाफा–अ में सील बन्द किया जायेगा। वित्तीय बोली प्रपत्र, जिसमें दरे अंकित कि जावेगी, को वित्तीय लिफाफा–ब में सी बन्द किया जायेगा। वित्तीय बोली प्रपत्र जिसमें दरे अंकित कि जावेगी, को वित्तीय लिफाफा–ब में सील बन्द किया जायेगा। तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में रख कर सील बंद किया जायेगा। तीनों लिफाफों पर कार्य का नाम, कार्यालय का नाम जिसके लिए बोली प्रस्तुत की गई है एवं बिड सूचना संख्या अंकित कि जावे। वित्तीय लिफाफ मे वित्तीय निविदा ही रखी जावे। अन्य कोई प्रपत्र नहीं रख जावे।

4 तकनीकी प्रस्ताव वाले लिफाफे में भरा हुआ तकनीकी बिड प्रपत्र एवं समस्त दस्तावेज जो मांगे जा रहे है, रखे जायेंगे। बिडदाता को वित्तीय प्रस्ताव अलग लिफाफे में प्रस्तुत करने होंगे। यदि किसी बिडदाता द्वारा तकनीकी प्रस्ताव के साथ वित्तीय प्रस्ताव एक लिफाफें में दिया जाता है तो उसकी बिड निरस्त कर दी जावेगी।

5 प्राप्त बिडों की बोली में अंकित दिनांक को उपस्थित बिडदाता अथवा उसके प्रतिनिधी के समक्ष विभाग की उपापन समिति द्वारा खोला जायेगा। निर्धारित समय में कोई बिडदाता अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित नही होने पर विभाग की गठित उपापन समिति द्वारा बिना उसका इन्तजार किए निर्धारित समय पर अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क0स0-01, कोटपूतली के कक्ष में खोली जायेगी। यदि उक्त दिनांक को राजकीय अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस को बिड खोली जायेगी।

(अ) सर्वप्रथम भरी हुई तकनीकी बिड खोली जायेगी।

(ब) तकनीकी रूप से अर्हता प्राप्त बिडदाता की ही वित्तीय बिड पर विचार किया जायेगा। सिर्फ तकनीकी बिड में सफल बिडदाता ही आगे कार्यवाही में भाग लेने के योग्य होंगे। वित्तीय बिड खोले जाने के संबंध में सफल बिडदाता को दूरभाष पर या पृथक से पत्र द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।

6 राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन आदेश निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे।

7 वस्तु एवं सेवा कर पंजीयन :– कोई भी बिडदाता यदि उस राज्य में प्रचलित जहाँ उसका व्यवसाय स्थित है, वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नही है तो वह बिड नहीं देगा। इस संबंध में पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए तथा इसके अभाव में बिड को रद्द कर दिया जायेगा।

8 बिड प्रारूप स्याही से भरा जायेगा या टंकित किया जायेगा पेन्सिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। बिडदाता बिड के निविदा के प्रत्यके पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अन्त में निविदा की समस्त निबंधनों एवं शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर मय मोहर अंकित करेगा।

9 दरें (Rates) %–

1.) शब्दों एवं अंकों दोनों में लिखी जायेगी। इसमें कोई त्रुटियों एवं/या उपरिलेखन नहीं होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियां करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं उन पर दिनांक सहित लघुहस्ताक्षर किए जाने चाहिए। दरों में सभी प्रकार के करों को पृथक से दिखाना चाहिए।

2.) बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे।

3.) बोली दरें खुलने के पश्चात् यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसके आधार पर बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।

4.) बोलीदाता द्वारा बोली आमंत्रण में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी। बोली आमंत्रण में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नहीं होगी। जिसके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

5.) बोली में निर्धारित स्पेसिफिकेशन के लिए एक ही दर प्रस्तुत की जावेगी। एक से अधिक दर देने पर निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अतिरिक्त अन्य स्पेसिफिकेशन के लिए दी गई दरों पर विचार नहीं किया जावेगा।

10 वित्तीय बोलीयों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार (Correction of arithmetic errors in financial bids) :– बोली मूल्यांकन समिति निम्नलिखित आधार पर, सारभूत रूप से प्रत्युत्तरदायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार करेगी, अर्थात् :–

1.) इकाई मूल्य और कुल मूल्य, जो इकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त होता है के मध्य यदि कोई विसंगति हो तो इकाई मूल्य अभिभावी होगा और कुल मूल्य में सुधार किया जायेगा, जब तक कि बोली मूल्यांकन समिति की राय में इकाई मूल्य में दशमलव बिन्दु की

स्थिति में स्पष्ट गलती रह गयी है, ऐसे मामले में उत्कथित कुल मूल्य प्रभावी होगा और इकाई मूल्य में सुधार किया जायेगा।

2.) यदि योग के घटकों को जोड़ने या घटाने के कारण योग में त्रुटि रह गयी है तो घटक अभिभावी होंगे और योग में सुधार किया जायेगा ; और

3.) यदि शब्दों और अंकों के मध्य कोई सिंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गयी रकम तब तक अभिभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंकगणितीय त्रुटि से संबंधित न हो, ऐसे मामले में उपर्युक्त खण्ड (क) और (ख) के अध्यधीन रहते हुए अंकों में अभिव्यक्त रकम अभिभावी होगी।

11 निर्धारित बिड प्रारूप के अतिरिक्त अन्य प्रारूप में दी गई बिड पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यालय द्वारा ऐसी किसी भी बिड को प्राप्त नही करेगा, जो बिड प्रस्तुतीकरण के लिए नियत दिनांक और समय के पश्चात् व्यक्तिशः प्रस्तुत की गई हों। फैक्स द्वारा भेजी गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। कोई भी बिड, जो बिड के प्रस्तुतीकरण के लिए अंतिम समय सीमा के पश्चात् कोरियर/डाक द्वारा पहुंची हो, को विलंब से प्राप्त के रूप में चिह्नित और घोषित किया जा कर, बिना खोले ही रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा बिडदाता को लौटा दी जायेगी।

12 बिडदाता अपनी बिड या उसके किसी सारभूत भाग को न तो किसी अन्य एजेन्सी को सौंप सकेगा और नहीं किसी को आगे सब लेट कर सकेंगा।

13 बोलियों की विधिमान्यता की कालावधि (Period of validity of Bids) :–

1.) बोली की विधि मान्यता वित्तीय बोली/प्राईस बिड खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी। किन्तु उपापन की प्रकृति के आधार पर यह अधिक भी हो सकती है। लघुत्तर कालावधि के लिए विधिमान्य कोई बोली गैर प्रत्युत्तरदायी के रूप में उपापन संस्था द्वारा अस्वीकार की जायेगी।

2.) बोलियों की विधिमान्यता की कालावधि के अवसान के पूर्व, उपापन संस्था आपवादिक परिस्थितियों में, बोली लगाने वालों से अतिरिक्त विनिर्दिष्ट समयावधि के लिए बोली की विधिमान्यता की कालावधि का विस्तार करने के लिए अनुरोध कर सकेगी। बोली लगाने वाला अनुरोध को अस्वकीार कर सकता है और ऐसी अस्वीकृत बोली प्रत्याहरण के रूप में मानी जायेगी किन्तु ऐसी परिस्थितियों में बोली प्रतिभूति समपहृत नही की जायेगी।

3.) ऐसे बोली लगाने वाले जो उनकी बोली की विधिमान्यता की कालावधि के विस्तार से सहमत होते है, उनके द्वारा प्रस्तुत बोली प्रतिभूतियों की विधिमान्यता की कालावधि का विस्तार करेंगे या विस्तार करायेंगे या उनकी बोली की विधिमान्यता का विस्तारित कालावधिक को आवृत करने के लिए नयी बोली प्रतिभूतियां (Bid Securities) प्रस्तुत करेंगे। कोई बोली लगाने वाला जिसकी बोली प्रतिभूति विस्तारित नहीं की जाती है या जिसने नयी बोली प्रतिभूति प्रस्तुत नहीं की है, इसे उसकी बोली की विधिमान्यता की कालावधि के विस्तार के लिए अनुरोध को अस्वीकार किया जाना माना जायेगा।

14 बोलियों का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन और उपान्तरण ;withdrawal, Substitution and modificaiotns of Bids) :–

1.) बोली लगाने वाला बोली प्रस्तुत करने के पश्चात् उसके या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा (प्राधिकरण पत्र संलग्न हो) सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित लिखित नोटिस भेज कर उसकी बोली का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन या उपान्तरण कर सकेगा। बोली के तत्संबंधी प्रतिस्थापन या उपान्तरण के साथ लिखित नोटिस होना चाहिये। नोटिस –

अ) बोली दस्तावेजों के अनुसार प्रस्तुत किया जाये और इसके अतिरिक्त लिफाफे पर स्पष्ट रूप से ''प्रत्याहरण'', या ''उपान्तरण'' अंकित हो; और

ब) बोलियों को प्राप्त करने के लिए नियत अंतिम समय और तारीख से पहले बोलियों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राप्त किया जाये या सीधे ही बोली के बक्से में डाल दिया जाये।

2.) बोलियां, जिनके प्रत्याहरण का अनुरोध किया गया है, बोली लगाने वालों को बिना खोले लौटा दी जायेगी।

3.) किसी बोली का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन या उपान्तरण बोलियों की प्राप्ति के लिए नियत अंतिम समय और तारीख के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

15 मूल्यांकन की कसौटी :– तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में सफल/क्वालिफाइड बोलीदाता/संवेदक की आईटमवाईज न्यूनतम कीमत के आधार पर वित्तीय बोली का मूल्यांकन किया जावेगा।

16 मूल्यांकन में कीमत/क्रय अधिमान :– बोलियों के मूल्यांकन और संविदा के अधिनिर्णय में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित और बोली दस्तावेजों में यथा–वर्णित कीमत और/या क्रय अधिमान पर विचार किया जावेगा।

17 अनुमोदित प्रदायकर्त्ता के लिए यह समझा जाएगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले माल की शर्तों विनिर्देशों, आकार मेंक एवं रेखाचित्रों आदि की सावधानीपूर्वक जाँच कर ली है। यदि उसे इन शर्तों विनिर्देशों, रेखाचित्र आदि के किसी भाग के आशय के बारें में कोई संदेह हो, तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, उसे क्रेता अधिकारी को भेजेगा तथा उससे स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।

18 दरे इस कार्यालय के लिए एफ.ओ.आर उद्धत की जानी चाहिए तथा उनमें सभी आनुषंगिक प्रभारों को शामिल करना चाहिए किन्तु किसी भी प्रकार के करों को शामिल न करके इन्हें अलग से दिखाया जाना चाहिए। किसी भी गाड़ी भाड़े (कार्टेज) या परिवहन प्रभारों का सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा तथा माल की सुपुर्दगी निर्धारित स्थान पर दी जाएगी।

19 स्पेसिफिकेशन (Specification) :-

1.) बोलीदाता द्वारा अंकित स्पेसिफिकेशन के अनुसार ही बोली प्रस्तुत की जावेगी। प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुएं शर्तों से संबंधित निर्धारित स्पेसिफिकेशन के पूर्णतया अनुरूप होगी। जहां पर वस्तुओं की आई.एस.आई. स्पेसिफिकेशन के अनुसार अपेक्षा की गयी हो, उन मदों को पूर्णरूप से उन स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होना चाहिए तथा उस पर वह मार्क होना चाहिए।

2.) यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुएं निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है, तो अस्वीकृत किये माल के बदले निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही देना होगा।

3.) यदि बोलीदाता किसी अनुमोदित आईटम को सप्लाई करने में किसी भी कारण से असमर्थ है तो उसके समकक्ष या अन्य मेक का आईटम उपापन समिति के अनुमोदन के पश्चात् बोलीदाता द्वारा उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। यदि बोलीदाता अनुमोदित सामग्री प्रदाय नहीं करता है तो उपापन समिति स्थानीय बाजार से उक्त या उसके समकक्ष बाजार

में उपलब्ध अन्य मेक की सामग्री क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगी एवं अन्तर राशि बोलीदाता की प्रतिभूति राशि अथवा बिल से समायोजित की जावेगी।

4.) अस्वीकृत किया गया माल बोलीदाता द्वारा अस्वीकृति की सूचना के 15 दिन के अन्दर विभागीय परिसर से वापिस ले जाना होगा। 15 दिवस के पश्चात् विभागीय परिसर से माल नहीं ले जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित भण्डारण व्यय बोलीदाता से वसूला जावेगा। माल अस्वीकृत होने की सूचना के 30 दिवस पश्चात बोलीदाता द्वारा विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग को उसका निस्तारण करने हेतु पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत माल के संबंध में यथोचित सुरक्षा रखी जावेगी, लेकिन विभगीय परिसर में ऐसे अस्वीकृत माल की क्षति, कमी, घाटा, नाश, टूट, फूट, हानि होने पर विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।

5.) वारंटी एवं गांरटी का खंड :– निविदादाता यह गारन्टी देगा कि माल/स्टोर्स/वस्तुएं खरीदे जाने वाले उस माल/स्टोर्स/वस्तुओं की सुपुर्दगी के दिनांक से बोली में अंकित अवधि के लिए यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप बनी रहेगी तथा इस तथ्य के बावजूद कि क्रेता ने उक्त मालों/स्टोर्स/वस्तुओं को उपरोक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाया गया या वे समाप्त हो गये है (तथा उस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम परिणामी होगा), तो क्रेता उक्त मालों/स्टोर्स/वस्तुओं को या उनके उस भाग को जो उक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाये जाएंगे, रद्ध करने के लिए अधिकृत होगा। ऐसे रद्ध किये जाने पर माल/स्टोर्स/वस्तुएं विक्रेता की जोखिम पर होगी तथा माल आदि को रद्ध करने से संबंधित समस्त उपबंध लागू होंगे। निविदादाता, यदि उसे ऐसा करने के लिए कहा गया तो वह उस माल आदि को या उसके उस भाग को जिसे क्रेता अधिकारी द्वारा रद्ध कर दिय गया है, बदल देगा, अन्यथा निविदादाता ऐसी क्षति के लिए भुगतान करेगा जो इसमें दी गयी शर्त के उल्लंघन के कारण उत्पन्न होगी। इसमें दी गयी कोई भी बात से इस संविदा के अधीन या अन्यथा उस संबंध में क्रेता अधिकारी के किसी अन्य अधिकार पर प्रतिकुल प्रभाव नही डालेगी।

20 निरीक्षण एवं परीक्षण :–

1.) उपापन समिति या उसका विधिवत् प्राधिकृत प्रदायकर्ता के परिसर में कार्य आदेश के तहत् तैयार की जा रही सामग्री का किसी भी समय पर निरीक्षण कर सकता है।

2.) बिडदाता अपने कार्यालय के परिसर, गोदाम एवं वर्कशॉप का पूर्ण पता अंकित करेगा जहां उससे व्यक्तिगत/डाक द्वारा सम्पर्क किया जा सके, यदि कार्यस्थल पर वह स्वयं उपस्थित नहीं रहता है तो उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का नाम जो पूर्ण पता सूचित करेगा, कार्यास्थल पर उपस्थित रहेगा तथा जिससे इस प्रयोजन हेतु सम्पर्क किया जा सके।

3.) सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित् करने के लिए निरीक्षण व जांच की जा सकेगी कि वे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप है या नहीं। जहाँ आवश्यक हो, प्रावधित किया गया हो या व्यवहारिक हो, वहाँ परीक्षण सरकारी प्रयोगशालाओं/प्रतिष्ठित परीक्षण गृहों में करवाया जा सकेगा तथा परीक्षण पर यदि समान विहित स्पेसिफिकेशन के स्तर के अनुरूप पाया जाएगा तो उन्हे स्वीकार किया जाएगा।

4.) परीक्षण प्रभार :– बोलीदाता से समान प्राप्त होने पर विभाग द्वारा जिस सामान का परीक्षण कराया जायेगा उसके परीक्षण प्रभार सरकार द्वारा वहन किये जावेगे। यदि बोलीदाता अत्यावश्यक तत्काल परीक्षण करना चाहता हो या यदि परीक्षण परणिामों से यह ज्ञात हो कि सप्लाई किया गया समान विहित स्तर या स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही है तो, परीक्षण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किये जावेंगे। बोलीदाता द्वारा अंकित स्पेसिकेशन के अनुसार ही बोली प्रस्तुत की जावेगी। प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुए बोली एवं शर्तों से संबंधित निर्धारित स्पेसिफिकेशन के पूर्णतया अनुरूप होगी। जहां पर वस्तुओं की आई. एस.आई स्पेसिफिकेशन के अनुसार अपेक्षा की गयी हो, उन मदों को पूर्णरूप से उन स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होना चाहिए तथा उस पर वह मार्क होना चाहिए।

21 माल की सप्लाई एवं सुपूर्दगी अवधि (Delivery of Goods and Period) :–

1.) बोलीदाता बिड में माल सप्लाई के लिए निर्धारित स्थान पर माल की सही दशा में सप्लाई करने के लिए उत्तरदायी होगा तथा परिवहन की सामान्य स्थिति में माल में किसी प्रकार की क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपूर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। माल प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त सामग्रियों की जांच, निरीक्षण किये जोन पर माल में पाई गई किसी प्रकार की हानि, क्षति, टूटफूट या रिसाव या किसी कमी के होने के मामले में हुई हानि एवं कमी की पूर्ति के लिए बोलीदाता उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नही की जाएगी।

2.) माल सप्लाई के लिए निर्धारित स्थान पर सही दशा में सुपुर्द किया जायेगा। यदि सप्लायर चाहे तो वह किसी भी प्रकार की हानि से बचने के लिए बीमा करा सकेगा। यह बीमा प्रभार बोलीदाता द्वारा ही वहन किया जाएगा तथा कार्यालय से इन प्रभारों का भुगतान करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी। परिवहन के दौरान माल की किसी भी प्रकार की हानि के लिए यह कार्यालय उत्तरदायी नही होगा तथा न ही बोलीदाता द्वारा किसी भी प्रकार के नुकसान का भुगतान करने की अपेक्षा नही की जाएगी।

3.) बोलीदाता द्वारा समस्त माल रेल्वे या गुड्स ट्रांसपोर्ट के जरिये भाड़ा एवं अन्य प्रभार आदि चुका कर कार्य आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर गन्तव्य स्थल (FOR) कार्यालय शहर पर सप्लाई किया जायेगा। अगर कार्यालय द्वारा भाड़ा एवं अन्य प्रभार आदि का भुगतान किया जाता है तो उसकी वसूली प्रदायकर्ता के बिल से की जायेगी।

4.) यदि बोलीदाता द्वारा माल की सप्लाई निर्धारित मानदण्ड एवं स्पेसिफिकेशन के अनुसार नहीं की जाती है, तो बोलीदाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय संविदा को निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए संविदा को निराकृत (Repudiate) कर सकते है।

22 भुगतान (Payments) :–

1.) बोली में सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नहीं होगी अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नही दी जावें। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर बोली निरस्त कर दी जावेगी।

